रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127

REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 31] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 29, 1987/आश्विन 7, 1909

No. 31] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 29, 1987/ASAVINA 7, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया
पोस्ट बाक्स नम्बर 7100, इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली-110002

(30 सितम्बर, 1987 को प्रकाशित होने वाले भारत के राजपत्र-असाधारण के भाग 3, खण्ड 4 में प्रकाशन हेतु ।

15 सितम्बर, 1987

अधिसूचना

(चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स)

सं. 1—सी. ए. (5)/038/87:—चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 13 की उपधारा (5) के अनुसार 31 मार्च, 1987 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परिषद् (कौंसिल) के अंकेक्षित लेखा तथा प्रतिवेदन की प्रति सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद् द्वारा प्रकाशित की जा रही है ।

चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 18(5) की व्यवस्थाओं के अनुसार परिषद (कौंसिल) को अपना 38वां वार्षिक प्रतिवेदन करते हुए हर्ष है । इस प्रतिवेदन में 31 मार्च 1987 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आंकड़े संबंधी सूचनाओं तथा इंस्टीट्यूट का लेखा जोखा एवं सितम्बर 1987 तक अन्य क्रियाकलापों संबंधी सूचनाओं का समावेश है ।

1. परिषद (कौंसिल)

1.1 परिषद के सदस्य तथा उसकी विभिन्न समितियां:—

13वीं परिषद, जिसमें पांच क्षेत्रीय निर्वाचन मंडलों से चुने गये इंस्टीट्यूट के 24 सदस्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित 6 सदस्य हैं, का गठन 17 सितम्बर 1985 को किया गया था । इसका कार्यकाल 16 सितम्बर, 1988 तक चलेगा । प्रतिवेदन के अन्तर्गत अवधि के लिए परिषद तथा उसकी समितियों के गठन का उल्लेख परिशिष्ट 1 में किया गया है ।

1.2 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष

श्री पी. ए. नायर तथा श्री आर. बालाकृष्णन क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष थे और उनका कार्यकाल 16 सितम्बर 1986 तक रहा । सितम्बर 1986 को हुई बैठक में परिषद ने श्री आर. बालाकृष्णन एवं श्री एस. के. दासगुप्ता को 17 सितम्बर 1986 से एक वर्ष के लिए क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुना ।

1.3 परिषद बैठक

वर्ष 1986-87 के मध्य परिषद् की पांच बैठकें हुई : इन बैठकों के विवरण निम्नलिखित तालिका में अंकित है ।

बैठकों की संख्या	दिनांक	स्थान
118वीं	3, 4, तथा 5 अप्रैल 1986	कलकत्ता
119वीं	3, 4, तथा 5 जुलाई 1986	नई दिल्ली
120वीं	15,16 तथा 17 सितम्बर 1986	नई दिल्ली
121वीं	4,5 तथा 6 सितम्बर 1986	नई दिल्ली
122वीं	12,13 तथा 14 फरवरी 1987	मद्रास

2. अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

2.1 अन्तर्राष्ट्रीय लेखाधिकारी संघ

(अ) इंस्टीट्यूट अन्तर्राष्ट्रीय लेखाधिकारी संघ (आई. एफ. ए. सी.) का सदस्य बना रहा। भारत आई. एफ. ए. सी. की परिषद् का चुना हुआ सदस्य रहा और भारत ने उसकी शिक्षा समिति, अन्तर्राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व्यवहार समिति तथा वित्तीय एवं प्रबंध लेखा समिति का भी प्रतिनिधित्व किया। आगामी आई. एफ. ए. सी. परिषद् के चुनाव अक्टूबर 1987 में होना निश्चित हैं। भारत ने उस चुनाव में खड़े होने संबंधी अपने इरादे तथा उत्सुकता को व्यक्त कर दिया है।

(ब) श्री ए. सी. चक्रवर्ती, कलकत्ता, जो इस इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं आई. एफ. सी. की परिषद के भारतीय प्रतिनिधि है। वह श्री बी. एन. कावरा, बम्बई का स्थान ग्रहण करेंगे।

(स) श्री पी. ए. नायर, बम्बई, जो इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं आई. एफ. ए. सी. की शिक्षा समिति के भारतीय प्रतिनिधि हैं। वे श्री बसी एस. मेहता, बम्बई का स्थान ग्रहण करेंगे।

(द) श्री आर. बालाकृष्णन्, इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, आई. एफ. ए. सी. की अन्तर्राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व्यवहार समिति के भारतीय प्रतिनिधि हैं। वे श्री वाई. एच. मालेगाम, बम्बई का स्थान ग्रहण करेंगे।

2.2 अन्तर्राष्ट्रीय लेखा-शास्त्र स्तर समिति

(इंस्टीट्यूट एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड्स कमेटी)

यह इंस्टीट्यूट अन्तर्राष्ट्रीय लेखा शास्त्र स्तर समिति का अभी भी सदस्य है।

2.3 एशियाई तथा पैसीफिक लेखाधिकारी संघ

भारत हमारे सहायक इंस्टीट्यूट दि इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया के माध्य से एशियाई तथा पैसिफिक लेखाधिकारी संघ की अधिशासी समिति का प्रतिनिधित्व अभी भी कर रहा है।

2.4 दक्षिणी एशियाई लेखाधिकारी संघ

(साउथ एशियन फेडरेशन आफ एकाउन्टेंट्स)

(एस. ए. एफ. ए.)

दक्षिणी एशियाई लेखाधिकारी संघ (एस. ए. एफ. ए.) की जनसभा की बैठक 17 सितम्बर 1986 को कलकत्ता में हुई। इस बैठक में इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ पाकिस्तान के श्री इब्राहीम एस. एच. दहोडवाला को वर्ष 1987 के लिए एस. ए. एफ. ए. का अध्यक्ष चुना गया। इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ बंगला देश के श्री मोहम्मद यूनुस को उसी अवधि के लिए उपाध्यक्ष चुना गया। एस. ए. एफ. ए. की तकनीकी स्तर समिति का सभापतित्व हमारे इंस्टीट्यूट को प्रदान किया गया था। अनुसारतः श्री एस. के. दास गुप्ता को तकनीकी स्तर समिति का सभापति के रूप में नामांकित किया गया है। इस समिति को संदस्य देशों में तकनीकी स्तर के तुलनात्मक अध्ययन पर कार्य करने का काम सौंपा गया है।

एस. ए. एफ. ए. जनसभा की बैठक तथा द्वितीय एस. ए. एफ. ए सम्मेलन मार्च 1987 में कराची (पाकिस्तान) में सम्पन्न हुए। श्री आर बालाकृष्णन ने उस जनसभा में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि की हैसियत से जनसभा बैठक में भाग लिया। उन्होंने एस. ए. एफ. ए. सम्मेलन तथा इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ पाकिस्तान के रजत जयन्ती महोत्सव में भी भाग लिया। हमारे इंस्टीट्यूट से पाकिस्तान गए प्रतिनिधि मंडल में श्री एस. के. दास गुप्ता, उपाध्यक्ष, श्री आर. एल. चोपड़ा सचिव तथा डाक्टर कमल गुप्ता, तकनीकी निदेशक सम्मिलित थे।

2.5 11वां सी. ए. पी. ए. सम्मेलन

11वां सी. ए. पी. ए. सम्मेलन 9 नवम्बर से 13 नवम्बर 1986 तक मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन का आतिथेय आस्ट्रेलियन सोसायटी आफ एकाउन्टेंट्स एवं आस्ट्रेलिया में इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स द्वारा किया गया। सम्मेलन का स्थान मेलबोर्न स्थित प्रदर्शनी भवन में सेन्टेनियल हाल था। सम्मेलन में "लेखा-प्रतिकृति-चुनौती एवं परिवर्तन" विषय पर विचार किया गया। इस विषय पर छै पूर्ण सत्र विचार किया गया। इसके अतिरिक्त चौबीस अंशकालिक सत्र भी इस विषय पर विचार करने के लिए किए गए।

श्री भास्कर बनर्जी, एफ. सी. ए, कलकत्ता, इंस्टीट्यूट के सदस्य पूर्ण कालिक सत्र 1, जो "लेखाधिकारी—उनके व्यावसायिक तथा सामाजिक दायित्व—आज और कल" विषय पर था, के प्रपत्र के संयुक्त लेखक थे। इस सम्मेलन में इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष श्री आर. बालाकृष्णन द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में उपस्थित रहने वाले प्रतिनिधियों की सूची परिशिष्ट-2 में उल्लिखित है।

2.6 13वां लेखाधिकारी विश्व महासम्मेलन

13वां लेखाधिकारी विश्व महासम्मेलन 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 1987 तक टोकियो (जापान में होगा)। महासम्मेलन का विषय "कम्प्यूटर पर्यावरण में लेखाधिकारी की भूमिका" है। इस महासम्मेलन में हमारा इंस्टीट्यूट श्री एस. के. दास गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। इंस्टीट्यूट के सदस्य श्री आर. एन. राय को "आडिट आफ सिम्पल ई. डी. पी. सिस्टम" विषय के प्रपत्र को बनाने के लिए चुना गया है।

2.7 समुद्र पारीय अध्ययन-गोष्ठी (ओवरसीज सेमिनार)

इंस्टीट्यूट की दुबई चैप्टर द्वारा अप्रैल 1987 में एक अध्ययन-गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लेखा-शास्त्र, लेखा-परीक्षण तथा निगमित वित्त में वर्तमान प्रणालियों पर चर्चा की गयी। इस अध्ययन गोष्ठी में लगभग 70 सदस्य उपस्थित थे।

2.8 अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी दस्तावेज की जवाबदेही

इंस्टीट्यूट अन्तर्राष्ट्रीय लेखाधिकारी संघ तथा अन्तर्राष्ट्रीय लेखा शास्त्र स्तर समिति द्वारा निर्गमित तकनीकी दस्तावेज के लिए सतत् जवाबदेह है।

2.9 विदेशी उच्च-अधिकारियों का आगमन

जिन प्रमुख विदेशी उच्च अधिकारियों ने इस वर्ष के मध्य इंस्टीट्यूट में पदार्पण किया उनमें श्री राबर्ट एल. मे (आई. एफ. ए. सी. के अध्यक्ष), श्री राबर्ट एन. सेम्पियर (आई. एफ. ए. सी. के अधिशासी निदेशक) श्री कीथ टे। अध्यक्ष सिंगापुर सोसायटी आफ एकाउन्टेंट्स तथा श्री लैम पेक हैंग। (कुल-सचिव/अधिशासी निदेशक, सिंगापुर सोसायटी आफ एकाउन्टेंटस) सम्मिलित हैं।

3. व्यावसायिक विकास कार्यकलाप

3.1 सामान्य

परिषद वर्ष अर्थात् 17 सितम्बर 1986 से 16 सितम्बर 1987 के मध्य इंस्टीट्यूट को परिषद द्वारा गठित विभिन्न गैर-स्थायी समितियों के व्यावसायिक विकास कार्यकलाप का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित अनुच्छेद से स्पष्ट है।

इस विवरण में 1 अप्रैल 1986 से 16 सितम्बर 1986 तक की अवधि के मध्य कार्यकलापों का विवरण सम्मिलित नहीं है क्योंकि इसका समावेश गत वर्ष प्रस्तुत 37वें वार्षिक प्रतिवेदन में कर लिया गया था। इसमें क्षेत्रीय समितियों और उनकी शाखाओं के कार्यकलापों का विवरण भी सम्मिलित नहीं किया गया है।

3.2 एकाउन्टिंग स्टैंडर्डस बोर्ड

जनवरी 1979 में एकाउंटिंग स्टैण्डर्डस के नियेदन की प्रस्तावना के जारी होने से प्रयोनिविधि दस उकीविटी व एकाउन्टिंग स्टैंडर्डस निर्गमित किए हैं :—

(1) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-1 डिस्क्लोजर आफ एकाउन्टिंग पालिसीज पर (ए. एस.-1) नवम्बर 1979

(2) एकाउन्टिंग स्टैंण्डर्ड-2 "वैलूएशन आफ इन्वेन्ट्रीज" पर (ए. एस.-2) जून-1981।

(3) एकाउन्टिंग स्टैंण्डर्ड-3 "चेंजेज इन फाइनेंशियल पोजीशन" पर (ए. एस.-3) जून-1981

(4) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-4 "कान्टीनजेन्सीज एण्ड इवेन्ट्स अकरिंग आफ्टर दि बैलेंस शीट डेट" पर (ए. एस.-4) नवम्बर 1982

(5) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-5 'प्रायर पीरियड एण्ड एक्स्ट्रा आर्डीनरी आइटम्स एण्ड चेंजेज इन एकाउन्टिंग पालीसीज' पर (ए. एस. 5)—नवम्बर 1882

(6) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-6 "डप्रीसिएशन एकाउन्टिंग" पर (ए एस-6) –8 नवम्बर 1982

(7) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-7 "एकाउन्टिंग फार कन्स्ट्रक्शन कान्ट्रैक्टस" पर (ए. एस.-7)—दिसम्बर 1983

(8) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-8 "एकाउन्टिंग फार रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट" पर (ए. एस.-8)—जनवरी 1985

(9) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-9 "रेवन्यु रिकगनिशन" पर (एस. एस. 9) नवम्बर 1985

(10) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-10 "एकाउन्टिंग फार फिक्स्ड एसेट्स" पर (ए. एस.-10)—नवम्बर 1985

उपरोक्त के अतिरिक्त बोर्ड ने "टर्म यूज्ड इन फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स" पर गाइडेंस नोट भी जारी किए हैं।

(ब) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड का क्रियान्वयन

एकाउन्टिंग स्टैण्डर्डस के क्रियान्वयन के प्रयासों के अनुसार इंस्टीट्यूट के परिषद ने सितम्बर 1986 में हुई अपनी 120वीं बैठक में यह निर्णय किया कि एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-4 (ए. एस.-4) "कान्टीनजेंसीस एण्ड इवेन्टस अकरिंग आफ्टर दि बैलेंस शीट डेट" पर तथा एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड-5 (ए.एस.-5) "प्रायर पीरियड एण्ड एक्स्ट्रा आर्डिनरी आइटम्स एण्ड चेंजेज इन एकाउन्टिंग पालिसीज" पर इस इंस्टीट्यूट द्वारा निर्गमित निर्देश दिनांक 1-1-1987 को शुरू होने वाली अवधि और उसके बाद के लिए लेखा-जोखा के सम्बन्ध में अनिवार्य माने जाने चाहिए। यह भी निश्चय किया गया कि अन्य स्टैण्डर्डस को भी चरणबद्ध कार्यक्रम के रूप में अनिवार्य माना जाना चाहिए।

एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड को विस्तृत प्रचार देने के विचार से एक प्रचार पुस्तिका बोर्ड द्वारा तैयार की गयी है और उन्हें विभिन्न संगठनों में वितरित किया गया है। पुस्तिका में बोर्ड के गठन के सम्बन्ध में विवरण प्रस्तुत किए गए हैं तथा एकाउन्टिंग स्टैण्डर्डस को विकसित करने संबंधी उसके उद्देश्य तथा पद्धति का जिक्र किया गया है। इसके अतिरिक्त एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड के विषय पर प्रतिवेदन के अन्तर्गत अवधि के मध्य अधिकतम अध्ययन-गोष्ठियों में विचार किया गया ताकि स्टैण्डर्डस के संबंध में पूर्ण परिचय प्राप्त हो सके।

(स) निर्माणधीन एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड निम्नलिखित विषयों पर स्टैण्डर्डस निर्माणधीन है :—

(1) एकाउन्टिंग फार टैक्सेज आन इनकम।

(2) एकाउन्टिंग फार रिटायरमेंट बेनीफिट्स इन दि फाइनेंशियल स्टेटमेंट आफ एम्पलायर्स।

(3) एकाउन्टिंग फार दि इफेक्ट्स आफ चेंजेज इन फोरन एक्सचेंज रेट।

(4) एकाउन्टिंग फार गवर्नमेंट ग्रान्ट्स एण्ड डिसक्लोजर आफ गवर्नमेंट एसिसटेंस।

(5) एकाउन्टिंग फार इन्वेस्टमेंट।

3.3 लेखा परीक्षण व्यवहार समिति

(अ) बैंक लेखा परीक्षण में लाँग-फार्म आडिट रिपोर्ट रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के आदेश पर समिति ने बैंक तथा उनकी शाखाओं के संबंध में लाँग-फार्म आडिट रिपोर्ट्स के साथ व्यवहार संबंधी प्रश्नमाला का पुनरावलोकन किया। प्रश्न माला में संशोधन हेतु समिति के सुझाव उनकी आवश्यकताओं के क्रियान्वयन में सदस्यों के अनुभव पर आधारित हैं और ये सुझाव रिजर्व बैंक को प्रस्तुत कर दिए गए हैं। इस बात का भी उल्लेख कर दिया जाना चाहिए कि स्टेचुअरी तथा ब्रांच आडीटर्स द्वारा लाँग-फार्म आडिट रिपोर्ट्स के लिए आवश्यक बातें रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की सलाह पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अभी हाल में ही लागू की गयीं।

(ब) स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसेज तथा गाइडेंस नोट्स पर स्टेटमेंट्स वर्ष के मध्य समिति द्वारा तैयार किए गए निम्नलिखित प्रारूप के प्रकाशन को परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

(1) स्टेटमेंट्स आन स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज (एस. ए. पी.) 4 "फाड एण्ड एरर"

(2) गाइडेंस नोट आन "कन्ट्रोल आफ दि क्वालिटी आफ आडिट वर्क"।

उपरोक्त के अतिरिक्त समिति ने निम्नलिखित विषयों के साथ व्यवहृत स्टेटमेंट्स आन स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज के एक्सपोजर जारी किए।

(1) आडिट एवीडेंस

(2) किसी आडिट के संबंध में एकाउन्टिंग सिस्टम तथा संबंधित इन्टरनल कन्ट्रोल्स का अध्ययन एवं विकास।

(3) इन्टर्नल आडीटर के कार्य पर विश्वास करना।

निम्नलिखित विषयों पर स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिस पर स्टेटमेंट्स निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं :—

(1) आडिटिंग इन एन ई डी पी एनवायरनमेंट।

(2) प्लानिंग।

(3) एनालिटिकल रिव्यू।

(4) यूजिंग दि वर्क आफ एन अदर आडीटर।

निम्नलिखित विषयों पर गाइडेंस नोट भी तैयार किए जा रहे हैं :—

(1) आडिट आफ इन्वेस्टमेंट्स।

(2) आडिट आफ इन्वेंटरीज।

(3) आडिट एन्गेजमेंट लेटर्स

समिति के विचारार्थ स्टेटमेन्ट्स आन स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज के प्रारंभिक प्रारूप तैयार करने के लिए समिति ने बम्बई, कलकत्ता तथा मद्रास में अध्ययन समूहों का गठन किया है। एक और अध्ययन समूह दिल्ली में कार्यरत है जो "स्टेटमेंट आन आडिटिंग प्रैक्टिसेज" के शीर्षक से इंस्टीट्यूट के वर्तमान प्रकाशन पर आधारित गाइडेंस नोट्स के प्रारंभिक प्रारूप के विकास पर कार्य कर रहा है।

3.4 शोध समिति

(अ) प्रकाशित साहित्य

वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन प्रसारित किए गए।

(1) कम्पेन्डियम आफ गाइडेंस नोट्स—वालयुम—1 (1987) कन्टेनिंग गाइडेंस जो 30 जून 1985 तक जारी किए गए और जिनमें 31 मार्च 1987 तक संशोधन किया गया।

(2) गाइडलाइन्स ग्रान इन्टर्नल ग्राडिट—कंस्ट्रक्शन इन्डस्ट्री निम्नलिखित प्रकाशनों की प्रति शीघ्र प्रसारित किए जाने की संभावना है ।

(3) कम्पेन्डियम ग्राफ गाइडेंस नोट्स-वाल्युम-2 जिसमें 30 जून 1985 के उपरान्त और 31 मार्च 1987 तक जारी गाइडेंस नोट सम्मिलित है ।

(ब) स्टडी इन दि प्रोसेस ग्राफ पब्लिकेशन

(1) उर्वरक उद्योग पर एकाउन्टिंग तथा ग्राडिटिंग टेक्निकल गाइड ।

(2) गाइडलाइन्स ग्रान इन्टर्नल ग्राडिट-चीनी उद्योग ।

(स) समिति द्वारा निर्माण समाप्ति वाले प्रकाशन

(1) उद्योग में ग्रस्वस्थता (सिकनेस) निर्धारण हेतु वित्तीय सूचना के प्रयोग पर ग्रध्ययन ।

(2) ग्रधोलिखित पर एकाउन्टिंग तथा ग्राडिटिंग टेक्निकल गाइड्स

(ग्र) ग्राटोमोबाइल उद्योग

(ब) ड्रग्स तथा फार्मास्यूटिकल उद्योग

(3) पट्टे के लिए एकाउन्टिंग पर गाइडेंस नोट्स ।

(4) फारेन एक्सचेंज रेगुलेशन ग्रधिनियम हेतु एकाउन्टेंटस गाइड ।

(5) गाइडलाइन्स ग्रान इन्टर्नल ग्राडिट—टायर उद्योग ।

(6) गाइडेंस नोट ग्रान एकाउन्टिंग फार म्यूचुअल फंड्स ।

(7) "बोनस ग्रधिनियम-1965 का भुगतान" में संशोधन एक एकाउन्टेंट का ग्रध्ययन ।

(8) "स्टडी ग्रान वैल्युएशन ग्राफ शेयर्स" का संशोधन ।

(द) ग्रन्य ग्राधीन प्रकल्प ।

(1) स्टैटिस्टीकल सैम्पलिंग टेक्नीक्स—एज एड टु ग्राडिट प्रेक्टिसेज ।

(2) गाइडलाइन्स ग्रान इन्टर्नल ग्राडिट—टेक्सटाइल उद्योग ।

(3) एकाउन्टिंग तथा ग्राडिटिंग टेक्नीकल गाइड—होटल उद्योग ।

(4) कम्पनीज के फाइनेंसियल स्टेटमेंट्स पर इंस्टीट्यूट के प्रोनाउंसमेंट का प्रभाव ।

(5) एकाउन्टेंट्स गाइड ग्राफ-ला ग्राफ कस्टम ड्यूटी ।

(6) निम्नलिखित पर ग्रध्ययन :—

(ग्र) एम. ग्रार. टी. पी. ग्रधिनियम ।

(ब) बीमा ग्राडिट—जीवन बीमा निगम ।

(स) ग्राडिट ग्राफ पब्लिक ट्रस्ट ।

(द) हास्पिटल एकाउन्टिंग तथा मैनेजमेंट कन्ट्रोल सिस्टम्स ।

(ई) कम्प्युटर एण्ड दि ग्राडिटर ।

(7) मैनेजमेंट कन्ट्रोल तथा एकाउन्टिंग सिस्टम्स इन नन-प्राफिट सेक्टर ग्राफ इण्डियन इकानामी ।

(ई) संशोधन की प्रक्रिया में वर्तमान प्रकाशन:—

(1) स्टेटमेंट ग्रान ट्रीटमेंट ग्राफ रिटायरमेंट ग्रेच्यूटी इन एकाउन्ट्स ।

(2) शैक्षणिक संस्थानों के ग्राडिट के लिए टेक्नीकल गाइड ।

(3) सहकारी समितियों के ग्राडिट के लिए टेक्नीकल गाइड ।

(4) भारतीय उद्योग में मूल्य निर्धारण ।

(5) गाइडेंस नोट ग्रान एकाउन्टिंग ट्रीटमेंट ग्राफ रिजर्वस इन एमलगैमेशन ।

(6) स्टेटमेंट ग्रान चेंजेज इन दि मोड ग्राफ चार्जिज डेप्रीसिएशन इन दि एकाउन्ट्स ।

(एफ) शील्ड पेनल

वर्ष 1985-86 के लिए कम्पनी तथा नन-फाइनेंसियल स्टेच्यूटरी कार्पोरेशन के सर्वोत्तम एकाउन्ट्स प्रस्तुति के लिए पुरस्कारों का वार्षिक वार्ड ।

वर्ष 1985-86 के लिए वार्षिक प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल ने ग्रधोलिखित कम्पनियों के वार्षिक प्रतिवेदन तथा एकाउन्ट्स के संबंध में ग्रपना निर्णय दिया ।*

भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम लिमिटेड

(31 मार्च 1986 को समाप्त हुए वर्ष के लिए) को सर्वोत्तम घोषित किया ग्रौर ग्रनुसारतः इस कम्पनी को ग्रपनी रजत शील्ड प्रदान करने का निर्णय किया ।

निर्णायक मंडल ने ग्रधोलिखित कम्पनियों के संबंध में वार्षिक प्रतिवेदन तथा एकाउन्ट्स के संबंध में उच्च प्रसरित से विभूषित किया ग्रौर ग्रनुसारतः उन्हें प्रशस्ति-पट्टिका प्रदान करने का निर्णय किया ।

(1) दि एसोसिएटेड सीमेंट कम्पनीज लिमिटेड ।

(31 जुलाई 1985 को समाप्त हुए वर्ष के लिए) ।

(2) इंजीनियर्स इण्डिया लिमिटेड ।

(31 मार्च 1986 को समाप्त हुए वर्ष के लिए) ।

(3) इण्डियन ग्रायल कार्पोरेशन लिमिटेड

(31 मार्च 1986 को समाप्त हुए वर्ष के लिए) ।

निर्णायक मंडल ने बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के एकाउन्ट्स पर भी विचार किया तथा वार्षिक प्रतिवेदन तथा एकाउन्ट्स के संबंध में ग्रपना निर्णय दिया ।

इण्डस्ट्रियल फाइनेंस कार्पोरेशन ग्राफ इण्डिया

(30 जून 1985 को समाप्त हुए वर्ष के लिए)

बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से प्राप्त प्रविष्टियों में सर्वोत्तम घोषित किया तथा ग्रनुसारतः इस कार्पोरेशन को रजत शील्ड प्रदान करने का निर्णय किया ।

निर्णायक मंडल ने कुछ ऐसे संस्थानों जैसे सार्वजनिक न्यास, सहकारी समितियों, शोध एवं शैक्षणिक संस्थानों के एकाउन्ट्स पर पृथक से विचार किया ग्रौर वार्षिक प्रतिवेदन एवं एकाउन्ट्स के संबंध में ग्रपना निर्णय दिया ।

पेट्रोफिल्स कोग्रापरेटिव लिमिटेड

(30 जून 1985 को समाप्त हुए वर्ष के लिए) ।

प्राप्त प्रविष्टियों में सर्वोत्तम घोषित किया ग्रौर ग्रनुसारतः प्रशस्ति पट्टिका प्रदान करने का निर्णय किया ।

*जिस कम्पनी के एकाउन्ट्स के सम्बन्ध में प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए उनके नाम वर्णमाला क्रम में प्रकाशित किए गए न कि योग्यता के आधार पर किसी क्रम में

3.5 व्यावसायिक विकास समिति राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं के एकाउन्ट्स के लेखा परीक्षण के संबंध में एम्पेनलमेंट प्रक्रिया व ग्रन्य कार्य :—

(ग्र) सम्बन्धित प्राधिकारियों के निवेदन पर उपरोक्त प्राधिकारियों के मार्गदर्शन ग्रनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा उनकी शाखाओं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के बैंक भी सम्मिलित हैं, में वर्ष 1987 के लिए ग्राडीटर्स के रूप में पैनल बनाने के लिए इस इन्स्टीट्यूट के ग्रंकित करने वाले सदस्यों से समिति ने सूचनाएं एकत्रित की । जिन सदस्यों द्वारा दी गयी सूचना और जिन्होंने ग्रपने ग्रपने ग्रावेदन प्रस्तुत किए उन सबको कम्प्यूटराइज्ड किया गया और फिर उन्हें संबंधित प्राधिकारियों के पास भेज दिया गया । समिति ने सदस्यों से प्राप्त प्रतिनिधित्व के ग्राधार पर प्राधिकारियों के साथ एमपेनलमेंट बनाने संबंधी कई ग्रन्य मामलों पर भी विचार किया ।

(ब) इन्टर्नल ग्राडिट :

(1) इन्टरनल ग्राडिट के कार्य से संबंधित पहलुओं पर विचार करने के लिए 25 ग्रक्तूबर से 29 ग्रक्तूबर तक औरंगाबाद में इन्टरनल ग्राडिट का एक ग्रावासीय पाठ्यक्रम ग्रायोजित किया गया था ।

(2) इन्टरनल ऑडिट पर सातवां अखिल भारतीय सम्मेलन बंगलौर में 5, 6 सितम्बर 1987 को आयोजित किया गया और इन्टरनल ऑडिट के कार्य के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर विचार किया और इन्टरनल आडीटर के कार्य की विस्तृत भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इस सम्मेलन में 4 तकनीकी सत्र ऐसे थे जिसमें वारह प्रश्न-पत्र के माध्यम से इन्टरनल आडिटिंग के विभिन्न पहलुओं पर ही विचार किया गया।

(स) बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के इन्टरनल ऑडिट पर अध्ययन गोष्ठियां (सेमीनार)

बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के इन्टरनल ऑडिट पर दो एक दिवसीय अध्ययन गोष्ठियों का आयोजन अप्रैल 1987 में बम्बई तथा मद्रास में किया गया। इन अध्ययन-गोष्ठियों में बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से संबंधित इन्टरनल ऑडिट के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया।

(द) बैंक का इन्टरनल ऑडिट

इस आवश्यकता को ध्यान में रखकर राष्ट्रीयकृत बैंकों को कहा गया कि बैंकों तथा उसकी शाखाओं के इन्टरनल ऑडिट और उससे संबंधित सभी कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स की सेवाओं का उपयोग किया जाए। हमारे निवेदन के प्रत्युत्तर में राष्ट्रीकृत बैंकों ने हमें सूचित किया है कि इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वे चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स की सेवाओं का पूरा उपयोग कर रहे हैं। सदस्यों को सहयोग तथा मार्ग-दर्शन प्रदान करने के लिए समिति ने बैंकों के इन्टरनल ऑडिट पर "गाइडेन्सनोट" तैयार करने का निर्णय किया है ताकि उसके सभी कार्यों से संबंधित ऑडिट को सहजता तथा कुशलता के साथ किया जा सके। "गाइडेन्सनोट" निर्माणाधीन है।

(ई) चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स द्वारा सहकारी समितियों के ऑडिट की व्यवस्था हेतु सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन किया जाए।

समिति के निवेदन पर राज्य की राजधानियों में बने क्षेत्रीय परिषद् तथा क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं ने अपने-अपने राज्य में सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के लिए समुचित प्राधिकारियों से कहा है जिससे सहकारी समितियों के ऑडिट की व्यवस्था के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सेवाओं का उपयोग किया जा सके। परिषद के सदस्य इस मामले को राज्य के विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष और आगे रख रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश सरकार ने इस आशय के परिपत्र जारी कर दिए हैं जिसके अनुसार (अ) जिला सहकारी ऑडिट अधिकारी किसी भी संस्थान, जहां ऑडिट का काम बकाया पड़ा है, के मामले में ऑडिट का काम किसी भी चार्टर्ड एकाउन्टेंट को सौंप सकता है; और

(ब) सहकारी चीनी फैक्टरियों के हिसाब का इन्टरनल ऑडिट का काम किसी भी चार्टर्ड एकाउन्टेंट को सौंपे तथा (स) राज्य स्तर पर समिति के गठन में एक सदस्य के रूप में चार्टर्ड एकाउन्टेंट का नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह अन्य राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश तथा महाराष्ट्र में भी प्राधिकारीगण इस बात से सहमत हो गए हैं कि सहकारी समितियों के ऑडिट के कार्य में चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सेवाओं का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।

(एफ) आयात तथा निर्यात प्रमाणपत्रों पर मार्ग निर्देशन चीफ कन्ट्रोलर आफ इम्पोर्ट्स एण्ड एक्सपोर्ट द्वारा निर्मित आयात एवं निर्यात पद्धति 1985—88 की हैंड बुक तथा आयात एवं निर्यात नीति में विभिन्न पहलू ऐसे होते हैं जिसको चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित किया जाता है। प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित विवरण को प्रमाणित करने संबंधी गाइडेंस नोट तैयार करने का समिति प्रयास कर रही है ताकि सदस्य को इस संबंध में सहायता मिल सके।

(जी) सेल्फ रगूलटरी—मेजर्स मैंडटरी तैयार करना समिति समय-समय पर कतिपय सेल्फ रेगूलेटरी मेजर्स जारी करती रही है जिसका उद्देश्य इंस्टीट्यूट के सदस्यों के बीच व्यावसायिक कार्य का सम्यक् प्रवाह सुनिश्चित करना होगा। सेल्फ रगूलेटरी मेजर्स का पूर्ण पाठ "प्रोफेशनल अपारचुनिटीज फार मेंबर्स—एन एप्रेजल" शीर्षक के अन्तर्गत का अन्तिम संस्करण 1986 में प्रकाशित किया गया।

मई 1987 में हुयी अपनी 122वीं बैठक में समिति ने यह निर्णय लिया कि सुनिश्चित शुल्क से कम ऑडिट कार्य के गैर-स्वीकृति से संबंधित सेल्फ रेगूलेटरी मेजर्स को अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस विषय पर एक अधिसूचना "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स" के जून 1987 के संस्करण में प्रकाशित की गयी है।

3.6 उद्योग में सदस्य हेतु समिति: उद्योग में सदस्यों हेतु समिति का गठन निम्नलिखित उद्देश से किया गया :—

(i) इंस्टीट्यूट के कार्यकलापों में सेवा में लगे सदस्य का सहयोग बढ़ाने संबंधी तौर तरीकों पर विचार करने के लिए।

(ii) सेवा में लगे सदस्य को प्रभावित करने वाले मामलों पर विचार करने के लिए और विशेष कर से कैरियर प्लानिंग, एथिक्स तथा अन्य संबंधित मामले, जो सेवा में लगे सदस्य को प्रभावित करने वाले हों, से संबंधित समस्याओं पर विचार करने के लिए।

(iii) उद्योग में रोजगार पाने वाले सदस्य तथा संभावित नियोक्ता दोनों के लाभ के लिए रोजगार सेवाओं की व्यवस्था करना, तथा

(iv) उद्योग में सदस्यों के लिए रोजगार के नए स्थानों की खोजना तथा विकसित करना।

उद्योग में लगे कई प्रमुख सदस्य भी इस समिति में सम्मिलित हैं :

(अ) समिति के निर्णय के अनुसार क्षेत्रीय परिषदों ने अपने अपने क्षेत्र में उद्योग में लगे सदस्यों के लिए समितियों का गठन किया है जिसकी नियमित बैठकें होती हैं और उस क्षेत्र में उद्योग में लगे सदस्यों से संबंधित मामलों पर विचार विनिमय होता है तथा उद्योग में लगे सदस्यों के हितों संबंधी विषयों पर समय-समय पर अध्ययन-गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है।

(स) उद्योग में लगे वित्तीय एवं एकाउन्ट्स अधिशासियों के लिए एक आवासीय पाठ्यक्रम का आयोजन 22 अप्रैल से 26 अप्रैल 1987 तक काठमाण्डू में किया गया।

3.6 कम्पनी लॉ समिति

(अ) टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर आवासीय पाठ्यक्रम

टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर 10वां आवासीय पाठ्यक्रम टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ समिति दोनों के द्वारा संयुक्त रूप से श्रीनगर में 17 मई से 21 मई 1987 तक आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में उद्योग तथा व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले 56 लोगों ने भाग लिया।

(ब) कंट्रोलर आफ कैपिटल ईशूज द्वारा जारी क्यूमुलेटिव कन्वर्टिबिल प्रीफरेंस शेयरों पर मार्गदर्शन संबंधी स्पष्टीकरण।

क्यूमुलेटिव कन्वर्टिबिल प्रीफरेंस शेयरों पर मार्गदर्शन के कुछ मामलों के स्पष्टीकरण के संबंध में इंस्टीट्यूट ने कन्ट्रोलर आफ कैपिटल ईशूज, डिपार्टमेंट आफ इकनामिक एफेयर्स, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से पूछा था। कंट्रोलर आफ कैपिटल ईशूज से प्राप्त उत्तर के आधार पर मुख्य-मुख्य बातें, जिन पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, और उनसे संबंधित कंट्रोलर आफ कैपिटल ईशूज से प्राप्त उत्तर दोनों का सदस्यों की जानकारी के लिए "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के दिसम्बर 1986 अंक में प्रकाशित किया गया।

(स) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 205(2) (बी) के अधीन मूल्यह्रास को निर्धारित करने संबंधी कम्पनी एफेयर्स के विभाग द्वारा निर्गमित परिपत्र क्रमांक 1/86 दिनांक 21-5-86 पर इंस्टीट्यूट का अभिमत।

मूल्यह्रास दरों में परिवर्तन के मूल्य ह्रास परिणामों हेतु एकाउन्टिंग पर गाइडेंस नोट सदस्यों की जानकारी के लिए "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के अक्तूबर 1986 अंक में इंस्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित किया गया था। आयकर अधिनियम 1961 के अधीन प्रदत्त अतिरिक्त/मल्टीपिल शिफ्ट भत्ता प्रदान किए बिना कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 205(2)(बी) द्वारा विचार किए जाने के रूप में स्ट्रेट लाइन मेथड के अन्तर्गत मूल्यह्रास की व्यवस्थाओं का औचित्य अथवा अन्य रूप।

कम्पनी मामलों के विभाग के संदर्भ में इंस्टीट्यूट ने इस संबंध में अपने अभिमत की पुनरावृत्ति करते हुए कहा कि मशीनरी के प्रयोग के आधार पर अतिरिक्त/मल्टीपिल शिफ्ट भत्ते सहित पूर्ण मूल्य ह्रास की व्यवस्थाओं को एक यथार्थ एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करने के लिए लागू करना अनिवार्य था और उन मामलों में जहां अतिरिक्त/मल्टीपिल शिफ्ट भत्ते पर मूल्य ह्रास की व्यवस्था नहीं की गयी है। आडीटर के लिए यह आवश्यक होगा कि उसके अनुसार ही अपनी रिपोर्ट तैयार करे।

(ई) कम्पनीज (डिपाजिट्स की स्वीकृति) नियम, 1975 के अधीन निर्धारित डिपाजिट्स की वापसी के लिए संशोधन :—

कम्पनी मामलों के विभाग ने इस इंस्टीट्यूट को यह सुझाव दिया कि डिपाजिट्स की वापसी के संबंध में आडीटर्स द्वारा प्रमाण के मामलों में एक रूपता सुनिश्चित करने के लिए इस संबंध में एक फार्मेट निर्धारित करने पर विचार करना चाहिए और विशेष रूप से यह व्यवस्था दी जानी चाहिए आडीटर द्वारा ध्यान में लाए गए उल्लंघनों का अंकन आडीटर के प्रमाणपत्र में होना चाहिए। अनुसारतः प्रमाणपत्र का फार्मेट की रचना इस इंस्टीट्यूट के द्वारा की गयी ताकि कम्पनीज (डिपाजिट्स की स्वीकृति) नियम 1975 के अनुसार कम्पनी के आडीटर द्वारा जारी किया जा सके और कम्पनी एफेयर्स के विभाग के पास भेजा जा सके।

(एफ) *कम्पनी लॉ पर सरकार के साथ विचार विमर्श :—*

समिति सरकार के साथ बराबर विचार-विमर्श करती रही है और कम्पनी लॉ से संबंधित विभिन्न मामलों पर प्रकाश डाला है।

3.8 टैक्सेशन समिति—(ए) टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर आवासीय पाठ्यक्रम टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर 10वां आवासीय पाठ्यक्रम कम्पनी लॉ समिति के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया और वह 17 से 21 मई 1987 तक श्रीनगर के सैन्टर लेक व्यु होटल में सम्पन्न हुआ देश के विभिन्न भागों से आए 56 सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(बी) टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर 19 वीं अखिल भारतीय अध्ययन गोष्ठी : टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ पर 19 वीं अखिल भारतीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन इंस्टीट्यूट की टैक्सेशन तथा कम्पनी लॉ समिति द्वारा 21 से 23 अगस्त 1987 तक हैदराबाद में किया गया। आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री एन. टी. रामाराव ने अध्ययन गोष्ठी का उद्घाटन किया। देश के विभिन्न भागों से आए लगभग 600 प्रतिनिधियों ने इस अध्ययन गोष्ठी में भाग लिया। इसमें छै तकनीकि सत्र थे जिसमें 4 सत्र टैक्सेशन पर और दो सत्र कार्पोरेट लाज पर सम्पन्न हुए। सभी छः तकनीकि सत्रों की अध्यक्षता क्रमश सर्वश्री पी. एन. शाह, अशोक कुमार, एस. के. दास गुप्ता, चौधरी जी, कृष्ण मुर्ती, जस्टिस अंजनेयुलू तथा यादी इंजीनियर द्वारा की गयी। सर्वश्री वेनुगोपाल, सी. गोविन्द, ए. एच. दलाल, एस. सी. वासुदेव, एन. के. पोद्दार, डा. आर. सी. वैश्य तथा वी. शंकर इत्यादि सभी ने सौहार्द के रूप में भाग लिया (12 तकनीकि प्रश्न-पत्र जिसमें से 8 टैक्सेशन पर और 4 कार्पोरेट लॉ पर थे, इस व्यवसाय से संबंधित प्रमुख सदस्यों द्वारा तैयार किए गए और इन सभी अध्ययन गोष्ठी में विचार किया गया। विदाई भाषण का सम्बोधन श्री ए. सम्भाशिवा राव, अवकाश प्राप्त चीफ जस्टिस, आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय तथा लोक आयुक्त, आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा किया गया।

(सी) प्रस्तुत मेमोराण्डा/रिप्रेजन्टेशन : (i) टैक्स नियमों के सरलीकरण तर्क संगत व्याख्या के विचार विमर्श प्रपत्र पर स्मृति पत्र वित मंत्री, अध्यक्ष सी. बी० डी. टी. तथा अन्य प्राधिकारियों के समक्ष 3 अक्टूबर, 1986 को प्रस्तुत किया।

(ii) *वित्त मंत्री द्वारा सुझाए गए विचार के अनुसार विचार-विमर्श* प्रपत्र (डिसकसन पेपर) पर अंशकालिक सत्र का आयोजन बम्बई में 22-10-86 को किया गया। एकाउन्टेंसी तथा कानूनी व्यवसाय के लगभग 60 चुने हुए सदस्यों ने इस अंशकालिक सत्र में वित्त मंत्री से भेंट की और विभिन्न प्रस्तावों पर विचारों का आदान प्रदान हुआ।

(डी) व्यय के टैक्सेशन पर अध्ययन मंडल : व्यय के टैक्सेशन पर सरकारी अध्ययन मंडल से प्राप्त निमंत्रण के प्रत्युत्तर में इंस्टीट्यूट का एक प्रतिनिधि मंडल, जिसमें अध्यक्ष श्री आर. बालाकृष्णन तथा श्री पी. एन. नरियेलवाला, भूत पूर्व अध्यक्ष सम्मिलित थे 25 सितम्बर, 1986 को अध्ययन मंडल में उपस्थित हुआ और व्यय के टैक्सेशन संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार किया।

(ई) केन्द्रीय बजट : सदैव की भांति बजट पूर्व तथा बजट बाद स्मरण पत्र वित्त मंत्री तथा अन्य अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। विभिन्न व्यावसायिक संगठनों की बैठक हुयी जिसमें वित्त विधेयक के अनुच्छेद 49 के क्रियान्वयन पर विचार किया गया जिसमें स्रोत पर कटौती के विस्तार पर सुझाव प्रस्ताव किए गए थे। इस बैठक में हुये सर्व-सहमति के फलस्वरूप एक संयुक्त स्मृति-पत्र सरकार को दिया गया जिसमें वित्त विधेयक में प्रस्तावित रूप में परावर्तन व्यवस्था को लागू करने में आने वाली संभावित कठिनाइयों की ओर ध्यान केन्द्रित किया गया था तथा रायल्टीज, तकनीकी शुल्क, किराया, व्यावसायिक फीस इत्यादि जैसे मदों पर स्रोत पर कर कटौती के क्षेत्र के विस्तार का जिक्र किया जाता था : सरकार ने उसके अनुसार वित्त विधेयक से प्रस्तावित सुझावों को उदारतापूर्वक वापस ले लिया था।

(एफ) सी बी डी टी का प्रतिनिधित्व : सी. बी. डी. टी. के पास 6 मई 1987 को एक प्रतिनिधित्व भेजा गया था जिसमें आयकर (दूसरा संशोधन) नियम 1987 से होने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया गया था। इस नियम के अनुसार स्वीकृत ग्रेच्युटी फण्ड्स के विनियोजन का क्षेत्र प्रतिबंधित होता है और साथ ही केन्द्रीय सरकार के विशेष जमा योजना जैसी स्वीकृत योजनाओं पूंजी विनियोजन की पूर्व सुविधाओं को बरकरार रखने के अधिकार का हनन होता है। *ये प्रतिबन्ध अभी हाल में ही सरकार द्वारा उठा लिए गए हैं।*

(जी) कम्पनी मामलों के विभाग को प्रतिनिधित्व : एक निवेदन सचिव, डिपार्टमेंट आफ कम्पनी एफेयर्स के पास इस आशय से भेजा गया था जिसमें कास्ट आडिट रिपोर्ट (संशोधन) नियम 1986, जिसके अनुसार कास्ट आडिट (रिपोर्ट) नियम 1986 में संशोधन हुआ है और साथ ही कास्ट आडिट रिपोर्ट के एनेक्सर की अनुसूची में भी संशोधन हुआ है, के कारण उत्पन्न असंगतियों पर ध्यान केन्द्रित *किया गया था इस निवेदन में इस बात पर जोर दिया गया था कि अनुसूची* के पैराग्राफ 11 से आइटम (एन) निकाल दिया जाए क्योंकि इसके अन्तर्गत उन्हीं क्षेत्रों का वर्णन किया गया जो टैक्स आडिट रिपोर्ट में निहित हैं। डिपार्टमेंट आफ कम्पनी एफेयर्स इस मामले के पुनरावलोकन कर रही है।

(एच) प्रकाशन

(i) आयकर अधिनियम की धारा 32ए बी के अधीन आडिट पर एक गाइडेंस नोट प्रकाशित किया गया जिसमें आयकर अधिनियम की धारा 32एबी की व्यवस्थाओं को लागू करने संबंधी विवरण को विस्तार दिया गया है और व्यवस्थाओं के अन्तर्गत आडिट की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया है।

(ii) धारा 80 एच एच. सी. तथा 80 एच. एच. सी. के अधीन आडिट पर गाइडेंस नोट भी प्रकाशित किया गया जिसमें इन व्यवस्थाओं को लागू करने और करदाता तथा आडीटर दोनों उत्पन्न विभिन्न कठिनाइयों का जिक्र इस आशय से किया गया है कि कैसे इन व्यवस्थाओं को लागू किया जाए और इस उद्देश्य के लिए कैसे आडिट किया जाए।

3.9 अविच्छिन्न व्यावसायिक शिक्षा समिति :

(अ) अध्ययन गोष्ठियां तथा पाठ्यक्रम अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष में पर्याप्त अध्ययन गोष्ठियों तथा पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवरण के लिए परिशिष्ट 3 का अवलोकन करें।

(ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी/कारपोरेट मैनेजमेंट/टैक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम (भाग 1) की परीक्षाएं संशोधित सिलेबस के अन्तर्गत नवम्बर 1986 में आयोजित की गयी तथा मैनेजमेन्ट एकाउन्टेंसी कोर्स (भाग 1) की परीक्षा संशोधित सिलेबस के अन्तर्गत मई 1987 में आयोजित की गयी। नवम्बर 1986 तथा मई 1987 में सम्पन्न परीक्षाओं के संक्षिप्त परिणाम परिशिष्ट 4 में अंकित है।

(स) योग्यता छात्रवृत्ति : मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी पाठ्यक्रम की प्रेरक योजना के अन्तर्गत पुस्तकें खरीदने के लिए 10 प्रत्याशियों को रु. 500 की छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। इस योजना को कार्पोरेट मैनेजमेन्ट तथा टैक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों के प्रत्याशियों पर भी लागू किया गया है।

(द) मैनेजमेंट तथा इकानामिक क्वाटरली डायजेस्ट : सितम्बर 1986 से मैनेजमेंट एण्ड इकानामिक डायजेस्ट (प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र में समकालीन समस्याओं पर महत्वपूर्ण आर्टिकल के सारयुक्त अंशों की पत्रिका) के चार अंक प्रकाशित किए जा चुके हैं। इस प्रकाशन के लगभग 1500 सदस्य बन चुके हैं।

(ई) व्यावहारिक प्रशिक्षण/एस ए सी पास करना स्नातकोत्तर पाठ्क्रम के भाग 2 के अन्तर्गत व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए वर्ष में पर्याप्त प्रत्याशियों का पंजीकरण किया गया। पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं

(i) मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी पाठ्यक्रम

(ii) कारपोरेट मैनेजमेंट पाठ्यक्रम

(iii) टैक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी में स्नातकोत्तर योग्यता पाठ्यक्रम के दोनों भागों को निम्नलिखित सदस्यों द्वारा पूरा किया गया—

(i) श्री आर. नारायणस्वामी (एम. नं. 20761)

(ii) श्री एस. बालासुब्रमणियन (एम नं. 9079)

(एफ) इन-हाउस कम्प्यूटर केन्द्र : पूर्व निर्णय के अनुसार मद्रास, कलकत्ता, बम्बई स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में तीन इन-हाउस कम्प्यूटर केन्द्रों को गठित किया गया जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों तथा सदस्यों के लिए अच्छी रचना वाले पाठ्यक्रम की व्यवस्था की जा सके। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए चार पक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की गयी। विद्यार्थियों तथा सदस्यों के लिए पर्याप्त कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और इसके लिए हमें आशातीत सफलता मिली है। कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा आयोजित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट 5 में दिया गया है। कम्प्यूटर पर्यावरण में कन्ट्रोल्स तथा आडिट पर दो पाठ्यक्रम सी एण्ड ए. जी. कार्यालय के अधिकारियों के लिए आयोजित किए गए। इसी प्रकार के पाठ्यक्रम जीवन बीमा निगम, भारतीय व्यापार निगम जैसे संगठनों के लिए भी आयोजित किए जा रहे हैं। कानपुर तथा दिल्ली में कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित कर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

3.10 एक्सपर्ट एडवाइजरी समिति : (अ) सितम्बर 1986 में अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त किए जाने के दिन से अब तक समिति को 56 शंका-प्रश्न (जिसमें से 5 शंका-प्रश्न प्रारंभ में विचाराधीन हैं) प्राप्त हो चुके हैं और उनमें से 50 शंका-प्रश्नों का समाधान भी हो चुका है। तीन शंका-प्रश्न भावी भी विचाराधीन हैं और 3 शंका-प्रश्न इसलिए विचाराधीन हैं क्योंकि प्रश्न कर्ताओं से इस संबंध में अतिरिक्त सूचनाएं मांगी गयी हैं।

(ब) "कम्पेंडियम आफ ओपीनियन" वाल्यूम 6 में सितम्बर 1985 से सितम्बर 1986 तक समिति की राय का उल्लेख किया गया है और उसमें संयुक्त विषय अनुसार वर्णमाला क्रम में राय की तालिका दी गयी है जिसका उल्लेख पहले के पांच वाल्युम में किया जा चुका है। ये वाल्युम विक्रयार्थ उपलब्ध हैं।

(स) "कम्पेंडियम आफ ओपीनियन" का वाल्युम 1 का संशोधित संस्करण भी विक्रियार्थ प्रकाशित कर दिया गया है।

(द) समिति की प्रमुख राय से संबंधित संक्षिप्त संस्करण भी सभी पाठकों की सूचनार्थ "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के प्रत्येक अंक में प्रकाशित किया जा रहा है।

3.11 एथिकल स्टैण्डर्ड समिति (नैतिक स्तर समिति) : (अ) समिति के समक्ष व्यावसायिक नैतिकता पर विभिन्न समस्याओं के परीक्षण के अवसर आए तथा आचार संहिता को स्पष्ट करने का भी क्षेत्र आया। इन प्रश्नों पर समिति ने सावधानी पूर्वक विचार किया और सुसम्बद्ध सदस्य को इस संबंध में विवेकपूर्ण ढंग से परामर्श दे दिया गया।

(ब) इस समस्या पर समिति ने एक गाइडेंस नोट जारी किया जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि क्या कोई भी सदस्य उस संस्थान जिसका वह स्वयं या उसका कोई संबंधी मालिक है अथवा भागीदार है, अथवा वह स्वयं अथवा उसका कोई संबंधी उसमें निदेशक है, के एकाउन्ट्स का आडिट कर सकता है। समिति की सिफारिशों परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिसने उन्हें स्वीकार कर लिया और इस संबंध में गाइडेंस-नोट "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के मई 1986 के अंक में प्रकाशित किया गया।

(स) अधिनियम के प्रथम अनुसूची के भाग 1 के अनुच्छेद (6) की व्यवस्थाओं को सावधानी पूर्वक शब्दशः तथा भावात्मक रूप से ध्यान में रखकर सदस्यों के दिशा बोध पर जोर देते हुए समिति ने पत्रिका गाइड लाइन भी प्रकाशित कर दी है। इस गाइडलाइन्स में स्वयं अथवा स्वयं की फर्मों के संबंध में विवरण प्रस्तुत करते हुए कोई साक्षात्कार या अन्य संयोजन के समय, जिससे अनावश्यक प्रचार होने का सन्देह है, पूरी सावधानी बरतने का संकेत है। प्रत्येक सदस्य को यह विश्वास देने को कहा गया है कि किसी भी सदस्य अथवा उनकी फर्मों के संबंध में विवरण एवं विचारों को व्यावसायिक कार्यों के लिए न प्रयोग किया जाए अथवा सदस्य अथवा उनकी फर्मों को व्यावसायिक उपलब्धि को प्रचारित करने के प्रयोग में न लाया जाए।

(द) परिषद द्वारा समय समय पर लिए गए निर्णयों के अनुसार इंस्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित आचार संहिता में समिति द्वारा संशोधन किया गया है और इस संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय लेखाधिकारी संघ द्वारा अधिकाधिक स्पष्ट करने और पठन योग्य बनाने के लिए भी निर्णय लिए गए।

(ई) समिति ने चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स विनियम, 1961 के परिशिष्ट 10 तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स अधिनियम, 1949 के परिशिष्ट 18 में उल्लिखित स्थायी हितों की परिभाषा को और भी संशोधित रूप प्रदान किया है।

(एफ) समिति ने चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स की फर्मों द्वारा ऐसे पत्रों तथा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की प्रकृति के संबंध में कुछ सिफारिशों का उल्लेख किया है। परिषद द्वारा कथित सिफारिशों पर विचार किए जाने के उपरान्त इंस्टीट्यूट के आचार संहिता का एक भाग बन जाएगा।

(जी) इस आशय की घोषणा समिति द्वारा इंस्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित पत्रिका में कर दी गयी है जिसमें सदस्य को यह विश्वास दिलाने को कहा गया है कि उनके द्वारा आडिट किए गए किसी भी कम्पनी के संबंध में प्रकाशित किसी भी बैलेंस-शीट विश्लेषण सहित उनके नाम अथवा उनकी फर्मों के नाम प्रेस में प्रकाशित किए जाने की अनुमति कदापि न दें।

3.12 विश्व-विद्यालय सम्पर्क समिति (अ) अध्ययन-गोष्ठियाँ : इंस्टीट्यूट तथा विश्व-विद्यालय दोनों में सहयोग और सशक्त करने के उद्देश्य से एकाउन्टिंग स्टैण्डर्डस, शिक्षा तथा कार्पोरेट रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज पर एक अखिल भारतीय अध्ययन गोष्ठी का आयोजन नयी दिल्ली में 28 तथा 29 मार्च 1987 को किया गया। इसमें विश्व-विद्यालयों तथा कालेजों के वाणिज्य संकायों के सदस्यों तथा व्यवसाय से संबंधित सदस्यों ने भाग लिया।

(ब) बी-काम परीक्षा में एकाउन्टेंसी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्णपदक/पुरस्कार प्रदान करने संबंधी एन्डोमेंट्स एन्डोमेंट बनाने के लिए रु. 3000/- सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को भेजे गए। समिति ने और भी एन्डोमेंट बनाने का निर्णय किया है। रु. 5000/- प्रत्येक एन्डोमेंट निम्नलिखित विश्वविद्यालयों को भेजे गए।

(1) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, (2) गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, (3) भराथियार विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर, (4) भारथीदासन विश्वविद्यालय, (5) तिरुचिरापल्ली।

(सी) इंस्टीट्यूट द्वारा अर्जित किये गये इन्डोमेन्ट्स में से आई.सी.ए.आई. पुरस्कार/गोल्डमेडल के एवार्ड के बारे में विश्वविद्यालयों से सहायता आई.सी.ए.आई. पुरस्कार/गोल्ड मेडल के एवार्ड के विषय में विश्वविद्यालयों से सहायता प्राप्त करने के बारे में कार्यवाही की गई थी। कई विश्वविद्यालयों ने एवार्ड प्राप्त कर्ताओं के नाम भेजने आरम्भ कर दिये हैं। ये नाम उनके फोटो सहित इंस्टीट्यूट के जर्नल "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" में प्रकाशित हो रहे हैं।

(डी) सी.ए. कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस तथा रजिस्ट्रेशन फी फीस के भुगतान में छूट चार्टर्ड एकाउन्टेंसी के व्यवसाय में अच्छे विद्यार्थियों को लाने के लिए कौंसिल ने यह निश्चय किया है कि जो विद्यार्थि प्रत्येक विश्वविद्यालय की कामर्स डिग्री परीक्षा में तथा रजिस्ट्रेशन फीस के 1-1-1987 को या इसके बाद आर्टिकल्ड क्लर्क के रूप में पंजीकृत किया जायेगा।

(ई) विश्वविद्यालयों द्वारा पी.एच.डी. प्रोग्राम के लिए सी.ए. कोर्स की स्वीकृति पी. एच. डी. प्रोग्राम के लिए सी.ए. कोर्स की स्वीकृति हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखे गये।

(एफ) सी.ए. कोर्स की प्रसिद्धि: चार्टर्ड एकाउन्टेंट के रूप में जीवन-वृत्ति की पत्रिका की प्रतिलिपियां विभिन्न विश्वविद्यालयों में उनके नोटिस बोर्ड पर लगाने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालयों, कालेजों और ब्यूरो आफ प्रोफेशनल गाइडेंस को भेजी गई। पत्रिका को कापियां रीजनल कौंसिल/उसकी शाखाओं के चेयरमैनों को भी प्रेषित की गई तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपने रीजन/क्षेत्रों में विद्यार्थियों को चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स व्यवसाय के बारे में उन्हें अवगत करायें।

(जी) बी. काम कोर्स के लिए माडल सेलेबस: कमेटी द्वारा तैयार किये गये बी. काम कोर्स के लिए माडल सेलेबस की कापियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा एसोसियेशन आफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज के पास विश्वविद्यालयों द्वारा उसे लागू करने के लिए भेजे गये।

4. अन्य मामले

4.1 जन सम्पर्क कमेटी

(1) इंस्टीट्यूट के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी को बढ़ावा देने के लिए तथा इस व्यावसाय की सुन्दर छवि के बारे में जानकारी देने के लिए जन सम्पर्क कमेटी ने अनेकों कार्यक्रम किये।

(2) 31 मार्च 1986 को समाप्त वर्ष की 37वीं वार्षिक रिपोर्ट के सार को कई प्रख्यात समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया। वार्षिक मीटिंग की रिपोर्ट, सर्वोत्तम लेखा प्रस्तुत करने के लिए पुरस्कारों के वार्षिक एवार्ड देने तथा इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में पुरस्कार विजेताओं के बारे में भी सभी बड़े अखबारों में छापा गया।

(3) कौंसिल द्वारा अपनाई गई नीति और उद्देश्यों के बारे में सर्व साधारण की जानकारी हेतु आई.सी.ए.आई. न्यूज लेटर का प्रकाशन जारी रखा गया। इसे विभिन्न सरकारी विभागों, चेम्बर्स आफ कामर्स, वित्तीय संस्थाओं और अन्य निकायों में वितरित किया गया।

(4) "कैरियर एज ए चार्टर्ड एकाउन्टेंट" पर एक फोल्डर भी विश्वविद्यालयों और कालेज के विद्यार्थियों में बांटने के लिए प्रकाशित किया गया।

(5) जब भी आवश्यक हुआ गलत प्रभाव को ठीक करने तथा नीति संबंधी कार्यों पर प्रकाश डालने के लिए विभिन्न बड़े अखबारों में स्पष्टीकरण प्रकाशित किये गये।

(6) एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड की समझ ग्राह्यता, सैलेबस के रिवीजन के लिए तथा अन्य मामलों के सम्बंध में इन्स्टीट्यूट के मूल विचारों को प्रदर्शित करने के निमित्त भारत के विभिन्न भागों में अध्यक्ष द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस की गई। इंस्टीट्यूट के विचार भी बड़े समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराये गये।

(7) विभिन्न रीजनल कालेजों और शाखाओं में किये गये अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के दौरों की खबरें स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई।

(8) व्यवसाय सम्बंधी मामलों तथा सार्वजनिक हित के मामलों पर इंस्टीट्यूट के विचार समय-समय पर प्रेस वक्ताओं द्वारा जारी किये गये।

4.2 11वीं आल इण्डिया कांफ्रेंस आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स: सदस्यों के लाभार्थ इंस्टीट्यूशन की कन्टीन्यूइंग एजूकेशन एक्टि विटीज के अंश के रूप में 11वीं आल इण्डिया कांफ्रेंस आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स 18 से 21 दिसम्बर 1986 तक कलकत्ता में आयोजित किया गया। इस कांफ्रेंस का मुख्य विषय "चैलेंज आफ दि नाइनटीज" था। कांफ्रेंस का मुख्य उद्घाटन 18 दिसम्बर 1986 की संध्या को श्री टी.एन. चतुर्वेदी, काम्प्ट्रोलर एण्ड आडिटर जनरल आफ इण्डिया द्वारा किया गया। समापन समारोह को 21 दिसम्बर 1986 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री सब्यसाची मुखर्जी ने सम्बोधित किया।

कांफ्रेंस में देश के सभी भागों के 820 प्रतिनिधियों तथा 60 अन्य विशिष्ठ व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त श्री लंका, बंगलादेश, तथा नेपाल के एकाउन्टेंसी बाडीज के सदस्यों ने भी भाग लिया। कांफ्रेंस को साउथ एशिया फेडरेशन आफ एकाउन्टेंट्स (एस.ए.एफ.ए.) की एसेम्बली मीटिंग द्वारा अग्रसर किया गया। इस मीटिंग को हमारे इंस्टीट्यूट और कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

कांफ्रेंस में व्यावसायिक उपयोगिता के विषयों को चार तकनीकी सत्रों अर्थात मैनेजमेंट एंड कम्प्यूटिंग, फिस्कल पालिसी एंड कारपोरेट लेजिस्लेशन, चेन्जिंग रोल आफ एकाउन्टेंट्स तथा प्रोफेशनल डेवलपमेंट में लिया गया। समग्र सत्र में टेक्नीकल पेपर्स पर विचार गोष्ठियां सेम्बर, प्लानिंग कमीशन, श्री आर.पी. गोयन्का, फिक्की के अध्यक्ष, श्री रामेश्वर ठाकुर इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष तथा राज्य सभा के सदस्य श्री बी दीक्षित, चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर, इण्डस्ट्रियल रीकंस्ट्रक्शन बैंक आफ इण्डिया भी शामिल थे।

समग्र सत्र के टाइटलों से सम्बन्धित विचार प्रश्न पत्रों पर विचार विमर्श के टाइटल्स प्रश्न पत्र बनाने वालों के नाम तथा कामन्टेटर्स के नाम और मुख्य वक्ताओं के नाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ठ 6 में दिये गये हैं।

तकनीकी प्रोग्राम के अतिरिक्त प्रतिनिधियों तथा उनके सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर 1986 की संध्या को ममता शंकर ग्रुप द्वारा एक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ में आये हुये अतिथियों के लिए दृश्य दिखलाने स्थानीय खरीद करने आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

उद्घाटन के अवसर पर एक आकर्षक पुस्तिका का प्रकाशन किया गया जिसमें देश विदेश के मूर्धन्य लेखकों के लेख सम्मिलित हैं। विज्ञापनों से जो बकाया राशि रु. 1.73 लाख शेष रह गई थी उसे चार्टर्ड एकाउन्टेंटस बीनेवोलन्ट फण्ड में दे दिया गया। रु. 3200/- (लगभग) की अन्य राशि भी इस फण्ड के लिए इकट्ठा की जाएगी।

4.3 भारतीय स्वतंत्रता की 40 वीं वर्षगांठ तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी भारत सरकार ने राष्ट्र की स्वतंत्रता की 40 वीं वर्षगांठ तथा श्री जवाहर लाल नेहरु की जन्म शताब्दी मनाने का विचार किया है। इंस्टीटयूट ने भी इन दो घटनाओं की याद में कार्यक्रमों को आयोजित करने की योजना बनाई है जिसमें निम्नलिखित विषय होंगे :

(1) सार्वजनिक क्षेत्र में इंस्टीटयूट के योगदान के विषय में प्रमुख समाचार पत्रों में परिशिष्टि प्रकाशित करना

(2) इंस्टीटयूट द्वारा पिछले चार दशक में की गई उपलब्धियों के बारे में सरकार को सूचित करना और उसे इंस्टीटयूट द्वारा। अलग-अलग पुस्तिकाओं में प्रकाशित करना।

(3) रीजनल कौंसिल तथा उनकी शाखाओं से पंडित जवाहर लाल नेहरु जन्म शताब्दी व्याखान माला तैयार करने को कहना।

(4) रीजनल तथा शाखा स्तर पर प्रमुख विचारकों पर कांफ्रेंस का आयोजन करना।

(5) रीजनल तथा शाखा स्तर पर भवनों का उद्घाटन करना।

(6) इंस्टीटयूट की परीक्षाओं में नेहरु पुरस्कार देना।

4.4 शिक्षा तथा प्रशिक्षण के रिव्यू के लिए कमेटी : सितम्बर, 1984 को अपनी बैठक में कौंसिल द्वारा स्थापित की गई शिक्षा तथा प्रशिक्षण के रिव्यू के लिए कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है तथा वर्ष के भीतर अपनी स्वीकृतियों के लिए चार मीटिंगें की। कमेटी की रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है और अब वह कौंसिल के विचाराधीन है।

4.5 दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट : (ए) इंस्टीटयूट का जर्नल "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" वर्ष भर सदस्यों में निःशुल्क वितरित किया गया।

(बी) जर्नल की छपाई आदि में वृद्धि को देखते हुए कौंसिल ने जर्नल की दरों में 1-1-1987 से संशोधन करने का निश्चय किया है।

जो इस प्रकार है :—

(1) सामान्य शुल्क रु. 100 प्रतिवर्ष

(2) आर्टिकल्ड / आडिट क्लर्कस रु. 30 प्रतिवर्ष जाने वाले

प्रारंभिक पंजीकरण के समय	रु. 90/- तीन वर्ष की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के पूरे सत्र के लिए
किसी अन्य परवर्ती तिथि पर	रु. 4 प्रति कापी आर्टिकल्ड ट्रेनिंग की शेष अवधि के लिए एक मुश्त में देय।

(3) विद्यार्थियों के लिए (आर्टिकल्ड क्लर्क/आडिट क्लर्क के अतिरिक्त) रु. 50 प्रतिवर्ष

(4) एक कापी का मूल्य रु. 10/-- तथा डाक व्यय अतिरिक्त

(सी) जर्नल का प्रिंट आर्डर प्रति माह 60,000 प्रतियों से भी अधिक है।

(डी) जर्नल के ले आउट तथा सर्वांगीण गेट अप के सुधार के लिए इसका प्रकाशन प्रख्यात प्रेस यथा थामसन प्रेस (इण्डिया) लि. से किया जा रहा है और यह प्रतिवर्ष अप्रैल 1987 अंक के किया गया। इस सुधार के लिए हमें अनेकों प्रशंसा के पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

(ई) जर्नल के ले आउट तथा गेटअप हम हमारे पाठकों के विचार जानने के लिए एक प्रश्नमंच द्वारा एक पाठक सर्वेक्षण किया गया प्राप्त उत्तरों के आधार पर संपादकीय बोर्ड द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की गई इस दिशा में प्राप्त महत्वपूर्ण विचारों पर संपादकीय बोर्ड विचार कर रहा है।

(एफ) "दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट" में योगदान के लिए लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु संपादकीय बोर्ड ने उच्च स्तर के लेखों पर अधिक पारिश्रमिक देने की व्यवस्था की है।

(जी) संपादकीय बोर्ड ने "दी" चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के माध्यम —(जुलाई 1986 से जून 1987) में प्रकाशित लेखों के लिए निम्नलिखित पुरस्कारों की घोषणा की है :—

मेन सेक्शन

प्रथम पुरस्कार (रु. 1,500)	श्री डी. जे. फोर्ब्स, हैदराबाद को उनके लेख "डेवलपमेंट इन कंपनी आडिट" के लिए जो दिसम्बर, 1986 के अंक में प्रकाशित हुआ
द्वितीय पुरस्कार (रु. 1000)	श्री आर. ए. यादव, दिल्ली को उनके लेखक सिक इण्डस्ट्रीयल कम्पनीज लेजिसलेशन—रैमिडी और विसैलिनेटिव" (अक्तूबर 1986 अंक) पर
तृतीय पुरस्कार (रु. 500)	श्री ए. के. झुनझुनवाला, कलकत्ता को उनके लेख "सिम्पलीफिकेशन आफ कंपनी ला एड एम आर टी पी एक्ट" (फरवरी 1987 के अंक) पर

स्टूडेन्टस सेक्शन

प्रथम पुरस्कार (रु. 750)	श्री डिसूजा डोल्फी जोन, बम्बई को उनके लेख "रिस्पासिबिलिटी कान्सेप्ट इन बिल्डिंग" (दिसम्बर 1986 अंक) पर
द्वितीय पुरस्कार (रु. 500)	श्री मधुसूदन, अग्रवाल, दिल्ली को उनके लेख "केरी फोरवार्ड एंड सेटअप आफ अन अबजार्ब्ड डेप्रीसियेशन एकाउन्टस" (जून 1987 अंक) पर

4.6 चार्टर्ड एकाउन्टेंटस रेगुलेशन: में परिवर्तन केन्द्र सरकार की स्वीकृति पर चार्टर्ड एकाउन्टेंटस रेगुलेशन में निम्नलिखित महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए:—

1. फाईनल (पुराना सैलेबस) परीक्षा के विद्यार्थियों, जिन्होंने कथित पुराने सैलेबस परीक्षा को एक ग्रुप में फाईनल (नये सैलेबस) परीक्षा के संबंद्ध प्रश्नपत्रों से उत्तीर्ण की है, के लिए कुछ छूट देते हुए अनुसूची "बी" के पैराग्राफ 10ए में संशोधन।

(अधिसूचना सं. 1 सी ए (152)/86 दिनांक 23-7-1987 को "दी चार्टर्ड एकाउन्टेंटस" में अगस्त 1986 में प्रकाशित किया गया)

2. राज्य सभा संघीय क्षेत्र में रीजनल कौंसिल की एक शाखा की स्थापना के लिए जिसका रीजनल कौंसिल में कोई हेडक्वार्टर्स या शाखा नहीं है, 100 से 50 सदस्यों तक के लिए रेगुलेशन 136(2) में संशोधन करना।

(अधिसूचना सं. 1 सी ए (7)/654/87 दिनांक 19 मई, 1987— "दी चार्टर्ड एकाउन्टेंटस". के जून 1987 अंक में प्रकाशित)

3. आर्टिकल क्लर्कों के पारिश्रमिक में, जहाँ उसकी सेवा का एक समान स्थान है, ऐसे शहर में है जिसकी आबादी 20 लाख या अधिक है, रु. 500/— से बढ़ाने तथा अन्य मामलों में रु. 350/— से अधिक करने के संबंध में 1-7-1987 से रेगुलेशन 48ए(4) तथा 48ए(5) में संशोधन (अधिसूचना सं. 1-सी ए (7) /154/87 दिनांक 19 मई, 1987 "दी चार्टर्ड एकाउन्टेंटस" के जून 1987 के अंक में प्रकाशित)

4. वर्तमान रेगुलेशन के सरलीकरण तथा युक्तिपूर्वक बनाने के लिए, अनियमितताओं को दूर करने के लिए तथा प्रक्रियाओं के अनावश्यक विलम्ब को दूर करने के लिए संहिताबद्ध रेगुलेशन केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन हैं। ड्राफ्ट रेगुलेशन सार्वजनिक हित के लिए भारत सरकार के गजट में प्रकाशित किया गया है। स्वीकृति पर ये नए रेगुलेशन वर्तमान रेगुलेशन 1964 का स्थान ग्रहण कर लेंगे।

